साइबर ठगी करने वाले अन्तर्राज्जीय गिरोह का पर्दाफाश, तीन गिरफ्तार

बीकानेर, (कासं)। साइबर थाना पुलिस की ओर से चलाएं जा रहे संदिग्ध बैंक खातों के विरूद्व कार्रवाई करने के विशेष अभियान के तहत साइबर ठगी करने वाले अन्तर्राज्यीय संगठित गिरोह का पर्दाफाश किया। साइबर ठगी करने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार किया।

पकड़े गये आरोपी वल्लभ गार्डन निवासा राहुल सिंह, तिलक नगर निवासी मनमोहन यादव और रामपुरा बस्ती निवासी नाहिद अली है। गिरफ्तार आरोपी अपने साइबर गिरोह के सदस्यों द्वारा अलग-अलग जिलों में बैठे साइबर फ्रॉड से राशि काम में लेते हैं। अपने व अन्य लोगों से प्रत्येक सेविंग अकाउंट 15000 रूपये व प्रत्येक करंट अकाउंट 30000 भुगतान कर अनेक बैंक खाते खरीद करते हैं। साइबर ठगी की रकम व ऑनलाइन गेमिंग ब्रांच, क्रिकेट बुकी के लगभग पांच करोड़ रूपये अवैध राशि का लेनदेन किया और राशि को अन्य खातों में ऑनलाइन ट्रांसफर कर लेते हैं। पूछताछ के दौरान उन्होंने ये बात कबूल की है कि उन्होंने पांच करोड़ रूपये से ज्यादा की राशि अलग- अलग बैंकों में डालकर निकाली है।

बताया जा रहा है कि आरोपियों के खिलाफ प्रदेश व विभिन्न राज्यों में अनेक शिकायतें दर्ज है। राहुल सिंह के विभिन्न बैंक खातों पर देश के विभिन्न राज्यों से 53 शिकायतें दर्ज है। जबकि मनमोहन के एक खाते पर 14, नाहिद के 5 खातों पर 17 शिकायतें दर्ज है।

बीकानेर में साइबर पुलिस थाना ने साइबर ठगी करने वाले अन्तर्राज्जीय गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया।

पूर्व मंत्री की बोलेरो-कैम्पर चोरी, 6 घंटे में ढूंढी : हनुमानगढ़ के भाजपा नेता और पूर्व मंत्री डॉ. रामप्रताप की बोलेरो कैम्पर को पुलिस ने मामला दर्ज होने के 6 घंटे बाद बरामद कर लिया। पूर्व मंत्री की बोलेरो कैम्पर रविवार रात को उनके घर के बाहर खड़ी थी। चोर अनूपगढ़ से बाइक चोरी कर पूर्व मंत्री के घर पर पहुंचा और बाइक को मौके पर छोड़कर बोलेरो कैम्पर लेकर फरार हो गया।

एसपी हरिशंकर ने बताया कि हनुमानगढ़ जंक्शन निवासी हरीश सहू पुत्र डॉ. रामप्रताप सहू ने सुबह करीब 7 बजे थाने में सूचना दी कि रात 11:40 से 11:45 बजे के बीच उनके घर के सामने खड़ी बोलेरो कैम्पर को चोर चोरी कर ले गया। सूचना पर थानाधिकारी लक्ष्मण सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जनेश तंवर और वृत्ताधिकारी मीनाक्षी के सुपरविजन में थानाधिकारी लक्ष्मण सिंह के नेतृत्व में उप निरीक्षक गजेन्द्र शर्मा और एएसआई जयसिंह सहित दो विशेष टीमों का गठन किया गया। टीमें विभिन्न दिशाओं में रवाना की गई। इसके अलावा लोकल स्तर पर भी टीम इस दौरान काम कर रही थी।

एसपी ने बताया कि पुलिस टीम ने हनुमानगढ़ जंक्शन, डबली राठान, पीलीबंगा और सूरतगढ़ में मानवीय आसूचना, सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी संसाधनों की मदद से जांच की। घटनास्थल पर छोड़ी गई बाइक की जानकारी जुटाई तो पता चला कि वह बाइक भी अनूपगढ़ से चोरी की गई थी। एसपी ने बताया कि बोलेरो कैम्पर को ढूंढने के लिए पड़ौसी जिले से भी संपर्क किया।

डीएसटी-02 श्रीगंगानगर की टीम के समन्वय से हिन्दुमलकोट के पास फतूही गांव में घेराबंदी की।

- **साइबर ठगी की रकम व ऑनलाइन गेमिंग ब्रांच, क्रिकेट बुकी के लगभग पांच करोड़ रूपये अवैध राशि का लेनदेन किया और राशि को अन्य खातों में ऑनलाइन ट्रांसफर किया**

पुलिस को देख आरोपी रवि नायक वाहन छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने बोलेरो कैम्पर को बरामद कर लिया है और आरोपी की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। एसपी ने बताया कि मामले में नामजद किया गया रवि नायक एक आदतन वाहन चोर है। उसने अनूपगढ़ से चोरी की गई बाइक से हनुमानगढ़ आकर बोलेरो कैम्पर चोरी की। उसके खिलाफ अनूपगढ़, नई मंडी घड़साना सहित विभिन्न थानों में करीब 6 मामले दर्ज हैं। संबंधित थानों को सूचना देकर उसका अपराधिक रिकॉर्ड मंगवाया जा रहा है। जंक्शन सीआई लक्ष्मण सिंह राठौड़ ने बताया कि आरोपी चोर बड़े ही अजीब तरीके का है। उसने जंक्शन बस स्टैंड से थोड़ी दूरी पर एक व्यक्ति को हाथ से रूकने का इशारा करने पर लिफ्ट देकर उसे 8 नंबर चुंगी पर छोड़ा। उसके बाद श्रीगंगानगर बॉर्डर इलाके के गांव कालिया के पास भी किसी महिला को उसने लिफ्ट दी थी।

शतरंज में बीकानेर के खिलाड़ी चमके

बीकानेर, (कासं)। रायसिंह नगर में आयोजित क्षेत्रीय शतरंज प्रतियोगिता में बीकानेर के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विभिन्न वर्गों में कई शीर्ष स्थान हासिल किए।

रविवार को आयोजित इस टूर्नामेंट में राजस्थान, पंजाब और हरियाणा के 70 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया लेकिन बीकानेर के खिलाड़ियों की सूझबूझ और रणनीति ने सभी को प्रभावित किया। वीके चैस एकेडमी, रायसिंहनगर की ओर से आयोजित इस शतरंज टूर्नामेंट में चार वर्गों ओपन, अंडर-19, अंडर-13 और अंडर-9 में मुकाबले हुए।

प्रतियोगिता में कुल 70 से अधिक खिलाड़ियों ने शिरकत की। जिनमें राजस्थान, पंजाब और हरियाणा के प्रतिभागी शामिल थे। ओपन वर्ग में रायसिंहनगर के विशेष गोदारा ने पहला स्थान हासिल किया। वहीं हरियाणा के हिमांशु दूसरे और बीकानेर के जैनम कोठारी तीसरे स्थान पर रहे।

बीकानेर के आकाश और निशांत व्यास ने पांचवां और छठा स्थान प्राप्त किया। अंडर-19 कैटेगरी में श्रीगंगानगर के समर्थ पेड़ीवाल ने पहला स्थान प्राप्त किया। अबोहर (पंजाब) के सलिंद्र कुमार दूसरे और बीकानेर के नितिन जोशी तीसरे स्थान पर रहे। बीकानेर के जयदीप पुरोहित ने भी पांचवां स्थान प्राप्त किया।

अंडर-13 वर्ग में बीकानेर के एकलव्य गोस्वामी ने विजेता बनकर जिले को गर्वित किया। रिद्धिमा बिश्नोई (रायसिंहनगर) ने दूसरा और हर्षवीर धायल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। अंडर-9 वर्ग में जयपुर के अर्नव चलाना ने पहला स्थान पाया।

सार-समाचार

रोडवेज कर्मचारियों का धरना जारी

बीकानेर में रोडवेज बस स्टैण्ड पर प्रशासन की हठधर्मिता के विरोध में रोडवेज कर्मचारी धरने पर बैठे।

बीकानेर, (कासं)। राजस्थान रोडवेज एम्पलाइज यूनियन एटक, बीकानेर शाखा और एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन का आज सातवां दिन है। मांगों में ड्यूटी के घंटे, कार्यालयीन कार्य, गुटबाजी और प्रताड़ना, निरस्तीकरण के पैसे, और देय लाभ तथा वर्तमान भुगतान का ऑडिट शामिल है। इसके अलावा, यूनियन ने 21 मई को भी एक ज्ञापन प्रस्तुत किया था, जिसमें समस्याओं का समाधान नहीं होने पर धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी गई थी। प्रबंधन द्वारा हमारी मांगों को नहीं माने जाने के कारण, यूनियन ने निर्णय लिया है कि अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन जारी रहेगा। यह धरना प्रदर्शन तब तक जारी रहेगा जब तक प्रबंधन हमारी मांगों को स्वीकार नहीं करता। आज धरने का सातवां दिन है, जो निरंतर जारी है। यूनियन के पदाधिकारियों और सदस्यों ने एकजुट होकर अपनी मांगों के लिए संघर्ष करने का दृढ़ निर्णय लिया है। इस अवसर पर किशन सिंह चौहान द्वारा संबोधन करते हुए बताया गया कि निगम प्रशासन की लापरवाही और गजे सिंह यादव परिचालक की मौत की निष्पक्ष जांच करवाने और उनकी जांच नहीं करवाने तक संघर्ष जारी रखने का आव्हान किया गया। उन्होंने कहा कि जब तक हमारी मांगें पूरी नहीं होतीं और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होती, तब तक यह धरना-प्रदर्शन जारी रहेगा। इस अवसर पर संभाग अध्यक्ष श्याम दीन भुट्टो, हनुमंत मेहरा एसोसिएशन अध्यक्ष, रोशन अली शाखा अध्यक्ष, डूंगरदान पूर्व अध्यक्ष, धर्मपाल प्रथम, रामेश्वर खदाव, मोहनराम, गुलाब सिंह पूर्व अध्यक्ष, याकूब खान, किशन सिंह, श्रवण सिंह, लालचंद सिहाग, हनुमान राम पूनिया, अब्दुल रहमान कोहरी, एटक मुस्ताक अली, सुभाष बिश्नोई, रामनिवास खिलेरी, देवीलाल नाई, शार्दुल कुमार चारण आदि सदस्य और पदाधिकारी मौजूद थे।

विश्व योग दिवस की तैयारी बैठक

विश्व योग दिवस जिला स्तरीय योग कार्यक्रम लेकर हुई बैठक को एडीएम (सिटी) रमेश देव ने संबोधित किया।

बीकानेर, (कासं)। विश्व योग दिवस 21 जून को जिला स्तरीय योग कार्यक्रम डॉ करणी सिंह स्टेडियम में सुबह 7 से 08 बजे तक होगा। जहां प्रोटोकॉल के हिसाब से प्रशिक्षित योग शिक्षकों द्वारा आमजन को योग करवाया जायेगा। विश्व योग दिवस पर जिला स्तर पर होने वाले कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर एडीएम सिटी रमेश देव ने कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक ली। बैठक में देव ने सभी विभागों के विभागाध्यक्षों और जिला स्तर पर कार्य करने वाले सभी कार्मिकों को जिला स्तरीय योग कार्यक्रम में आवश्यक रूप से हिस्सा लेने के निर्देश दिए। वहीं ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम में ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों और अन्य कार्मिकों को हिस्सा लेने के निर्देश दिए। देव ने बताया कि जिला स्तरीय कार्यक्रम में करीब 4 हजार लोगों के योग करने की व्यवस्था की जायेगी। बारिश होने की स्थिति में इंडोर स्टेडियम में योग करवाया जायेगा। लिहाजा नगर निगम और आयुर्वेद विभाग आपसी समन्वय से योग कार्यक्रम को लेकर सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। आयुर्वेद विभाग के उपनिदेशक एवं नोडल अधिकारी डॉ प्रभुदयाल जाट ने बताया कि 21 जून को विश्व योग दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रम डॉ करणी सिंह स्टेडियम में सुबह 7 से 8 बजे तक आयोजित किया जायेगा। जिले भर में योग कार्यक्रम को लेकर योग शिक्षकों को लगाने समेत विभिन्न तैयारियां अंतिम चरण में है। बैठक में एडीएम प्रशासन रामावतार कुमावत सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

निशा व सलोनी को 91 प्रतिशत अंक

बीकानेर, (कासं)। बेसिक पीजी महाविद्यालय ने एक बार फिर शिक्षा के क्षेत्र में कीर्तिमान स्थापित करते हुए गौरवशाली उपलब्धि दर्ज की है। हाल ही में घोषित एम.एससी. (प्राणिशास्त्र) एवं एम.एससी. (रसायन शास्त्र) तृतीय सेमेस्टर के परीक्षा परिणामों में महाविद्यालय का शत-प्रतिशत सफलता का रिकॉर्ड रहा। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुरेश पुरोहित ने बताया कि एम.एससी. (प्राणिशास्त्र) एवं एम.एससी. (रसायन शास्त्र) में अध्ययनरत विद्यार्थियों ने उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए गौरवपूर्ण परिणाम प्राप्त किए हैं। इनमें से दो छात्राएं निशा और सलोनी गहलोत ने संयुक्त रूप से सर्वाधिक 90.33 प्रतिशत अंक अर्जित कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। समारोह की अध्यक्षता करते हुए राम व्यास ने कहा कि बेसिक पीजी महाविद्यालय ने वर्षों से गुणवत्तापूर्ण एवं मूल्याधारित शिक्षा प्रदान की है। इस अवसर पर महाविद्यालय के व्याख्यातागण डॉ. मुकेश ओझा, डॉ. रोशनी शर्मा, वासुदेव पंवार, माधुरी पुरोहित, प्रभा बिस्सा, डॉ. नमामीशंकर आचार्य, कृष्णा व्यास, महिमा किराडू, हितेश पुरोहित, शिवशंकर उपपाध्याय, समीक्षा हर्ष, चेताली पुरोहित, बिशनाराम, पंकज गहलोत, राजीव पुरोहित आदि का उल्लेखनीय योगदान रहा।

बीज की दुकानों से नमूने लिए

श्रीगंगानगर, (कासं)। खरीफ सीजन में किसानों को गुणवत्तापूर्ण बीज और कीटनाशक मिलें, इसके लिए कृषि विभाग के द्वारा 15 मई से 15 जुलाई तक गुणवत्ता जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत आज श्रीगंगानगर में अमर एग्रो केमिकल्स की दुकान पर विभाग की टीम ने निरीक्षण किया। सहायक निदेशक कृषि सुरजीत कुमार ने बताया कि दुकान से बीज के दो नमूने लिए गए। इन्हें जांच के लिए राजकीय बीज परीक्षण लैब भेजा जायेगा। निरीक्षण के दौरान प्रतिष्ठान पर न तो विक्रय लाइसेंस प्रदर्शित मिला, न ही मूल्य सूची उपलब्ध थी। इस पर विभाग ने विक्रेता को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। तय समय में जवाब नहीं देने पर कार्रवाई की जायेगी। सुरजीत कुमार ने कहा कि यदि जांच में नमूने अमानक पाए गए तो प्रतिष्ठान पर सख्त कानूनी कार्रवाई होगी। निरीक्षण के समय सहायक कृषि अधिकारी रिछपाल सिंह भी मौजूद रहे। सहायक कृषि अधिकारी रिछपाल सिंह ने बताया कि कृषि विभाग की ओर से चलाए जा रहे इस अभियान का उद्देश्य बाजार में मिलावटी व घटिया स्तर के कृषि आदानों की बिक्री पर रोक लगाना है।

रानी बाजार आर.ओ.बी. के दोनों साइड खोदी सड़क, घंटों लगा जाम

बीकानेर, (कासं)। अमृत-2 के तहत चल रहा सीवरेज का काम अब तकलीफ देने लगा है। सबसे बड़ी परेशानी अम्बेडकर सर्किल और उसके आसपास है। ये वो केन्द्र है जहां से कई रास्ते और कॉलोनियों के लिए लोग जाते हैं। यहां 6 महीने से काम चल रहा है। रानी बाजार आरओबी से उतरते ही मेडिकल कॉलेज चौराहा और अम्बेडकर सर्किल दोनों रास्तों पर हैवी जाम लग गया।

हैरानी की बात ये कि फर्म ने न तो ट्रैफिक पुलिस को सूचित किया कि यहां कोई मैनेजमेंट करे और न ही भारी वाहनों के आवागमन पर कोई निर्णय हुआ। नतीजा 46 डिग्री तापमान वाली दोपहर में लोगों को घंटों सड़क पर खड़े रहना पड़ा। दरअसल अमृत-2 के कामों में पहले इसी तरह की परेशानी कीर्ति स्तंभ चौराहे से जूनागढ़ और पब्लिक पार्क के बीच थी।

- **अमृत-2 के तहत चल रहा सीवरेज का काम अब तकलीफ देने लगा**

पूरे एक साल बाद यहां की कुछ तकलीफ कम जरूर हुई पर पेचवर्क अभी भी यहां का पूरा नहीं हुआ। जूनागढ़ के सामने और फोर्ट डिस्पेंसरी के सामने पेचवर्क का काम बाकी है। अम्बेडकर सर्किल से पवनपुरी के बीच सीवरेज का काम चल रहा है। 6 महीने पहले अम्बेडकर सर्किल से रानी बाजार आरओबी तक एक साइड पर ट्रैफिक चल रहा है।

अब कुछ दिन से आरओबी से मेडिकल कॉलेज चौराहे की ओर भी गड्ढे खोद दिए गए। इससे इस पूरी रोड पर एक तरफ की रोड पर दोनों ओर का ट्रैफिक चल रहा है। ऊपर से नोखा से आने वाली रोडवेज बसों से लेकर नगर निगम और रीको के भारी वाहन इसी राह से गुजरते हैं। सोमवार को रीको के ही भारी वाहन के कारण 3 घंटे जाम लगा रहा। हैरानी की बात ये कि यहां एक पुलिस का कांस्टेबल तक नहीं पहुंचा जो जाम खुलवाने की कोशिश करे। क्योंकि न तो ठेकेदार ने पुलिस को कोई सूचना दी और ट्रैफिक पुलिस को तो चिंता ही नहीं है।

मानसून आने से पहले जिस फर्म को काम समेटना चाहिए उसने मानसून से पहले इस इलाके में काम और बढ़ा दिया। अब डीआरएम आफिस से अम्बेडकर सर्किल की ओर आ रही सड़क पर भी खुदाई काम शुरू कर दिया। अम्बेडकर सर्किल से रानी बाजार पुलिया तक वाली रोड नहीं बनी। मेडिकल कॉलेज चौराहे तक ऐसे ही गडढे हैं। वे बंद नहीं हो रहे। नगर निगम के अधिकारी तटस्थ बने हुए हैं।

राज्यवर्धन राठौड़ आज बीकानेर दौरे पर

बीकानेर,(कासं)। विकसित भारत का अमृत काल सेवा, सुशासन गरीब कल्याण के मोदी सरकार के 11 साल पूर्ण होने पर राजस्थान सरकार में उद्योग एवं वाणिज्य युवा मामले एवं खेल विभाग में कैबिनेट मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौर आज बीकानेर दौरे पर रहेंगे।

जिला मीडिया संयोजक मनीष सोनी ने बताया कि राज्यवर्धन राठौड़ सुबह 9: 30 बजे सर्किट हाउस पहुंचेंगे। 11 बजे भाजपा कार्यालय में प्रेस वार्ता करेंगे। 12 बजे रविन्द्र रंगमंच में पूर्व सैनिकों के साथ संवाद, 2 बजे जिला उद्योग संघ में प्रोफेशनल मीट का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम में शहर जिलाध्यक्ष सुमन छाजेड़, देहात जिलाध्यक्ष श्याम पंचारिया, संयोजक महावीर रांका, विजय आचार्य, मोहन सुराणा, दीपक पारीक ने व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा कर कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी।

गर्मी तेज होने से उल्टी-दस्त के मरीज भी बढ़े

बीकानेर, (कासं)। गर्मी तेज होने के साथ ही पीबीएम हॉस्पिटल में उल्टी-दस्त के रोगी भी बढ़ गए हैं। मेडिसिन विभाग के ओपीडी में 909 मरीज पहुंचे। इसके अलावा 20 से अधिक मरीज अलग-अलग वार्डों में भर्ती हैं।

बीकानेर में आग उगलती गर्मी के कारण पारा 46 डिग्री के करीब चल रहा है। गर्म हवाओं के थपेड़ों ने लोगों को परेशान कर दिया। बढ़ती गर्मी के चलते पीबीएम हॉस्पिटल के मेडिसिन विभाग के उल्टी और दस्त के मरीजों की संख्या भी बढ़ गई है।

आउटडोर में 900 से अधिक मरीज पहुंचे, जिनमें से तीन सौ से अधिक उल्टी और दस्त से पीड़ित बताए जा रहे हैं। गंभीर हालत वाले आठ-दस मरीजों को भर्ती किया गया है। ज्यादातर को दवाएं लिखी गई हैं। मेडिसिन विभाग की यूनिट प्रथम के हैड डॉ. वी.बी. सिंह ने बताया कि इन दिनों लू के कारण लोग बीमार हो रहे हैं। गर्मी में धूप से बचाव और खान-पान का ध्यान रखना ज्यादा जरूरी है। इसी लापरवाही के कारण ज्यादातर को उल्टी-दस्त हो रहे हैं। सभी मरीज किसी एक क्षेत्र से ना होकर शहर के अलग-अलग हिस्सों से आ रहे हैं। इसलिए उसे दूषित पानी की समस्या नहीं माना जा सकता। इसका मुख्य कारण बढ़ती गर्मी ही है। उन्होंने बताया कि तापघात का कोई मरीज अब तक रिपोर्ट नहीं हुआ है। पिछले कुछ दिनों से कोरोना से राहत है। दरअसल रुटीन में मरीजों के कोरोना की जांच नहीं की जा रही है। केवल वार्डों में भर्ती गंभीर बीमारी वाले बुजुर्ग मरीजों के ही कोरोना की जांच कराई जा रही है।

- **पीबीएम हॉस्पिटल में मेडिसिन ओपीडी 900 तक पहुंची**

सैम्पल मिस ब्रांड पर 7.75 लाख का जुर्माना

बीकानेर, (कासं)। खाद्य सुरक्षा मानकों की अनदेखी करने वाली फर्मों पर जिला प्रशासन ने एक बार फिर सख्त कार्रवाई की है। दूध, दही, घी, मावा और रिफाइंड कोकोनट ऑयल के सैंपल निम्न मानक सब स्टैंडर्ड पाए जाने और मूंग पापड़ मिस ब्रांड पाए जाने पर एडीएम प्रशासन रामावतार कुमावत की कोर्ट ने संबंधित फर्मों पर कुल 07 लाख 75 हजार का जुर्माना लगाया है। एडीएम (प्रशासन) रामावतार कुमावत ने बताया कि रिफाइंड कोकोनट ऑयल निम्न मानक सब स्टैंडर्ड पाए जाने पर बीछवाल इंडस्ट्रियल एरिया स्थित फर्म मैसर्स मोहन लाल आशीष कुमार पर 4 लाख का जुर्माना, दही सब स्टैंडर्ड पाए जाने पर लक्ष्मीनाथ घाटी बड़ा बाजार स्थित फर्म मैसर्स लालजी दूध भंडार पर 01 लाख और लक्ष्मीनाथ मंदिर रोड़ स्थित फर्म मैसर्स गायत्री दूध भंडार पर 25 हजार का जुर्माना, गाय का दूध सब स्टैंडर्ड पाये जाने पर गंगाशहर के चोपड़ा बाड़ी रास्ता स्थित मैसर्स वकील मावा भंडार बॉयलर पर 50 हजार का जुर्माना मावा सब स्टैंडर्ड पाए जाने पर नोखा में नवली गेट के पास बागड़ी कॉम्प्लेक्स में स्थित फर्म मैसर्स बीकानेर मावा भंडार पर 25 हजार का घी सब स्टैंडर्ड पाए जाने पर नोखा में बंधन बैंक के सामने स्थित फर्म मैसर्स जसनाथ मिल्क भंडार पर 25 हजार का जुर्माना लगाया गया है।

चकगर्बी में अवैध कब्जे हटाए

बीकानेर, (कासं)। बीडीए के अधीन ग्राम चकगर्बी के खसरा नंबर 320 सरकारी जमीन पर अवैध कॉलोनियों बननी शुरू हो गई थी। बीडीए के पास शिकायतें पहुंची तो अब बीडीए ने कब्जे हटाने के लिए एक टीम बनाई है। टीम जेसीबी समेत तमाम दलबल लेकर पहुंचा और वहां लगे कॉलोनियों के बोर्ड हटाने शुरू किए।

बीडीए कमिश्नर अपर्णा गुप्ता ने बताया कि पहले खसरों के हिसाब से अवैध कॉलोनियों को चिन्हित किया गया। उसके बाद टीम गठित कर कब्जे हटाने की कार्रवाई हुई। इस बीच तमाम कॉलोनियों में लगे अवैध होर्डिंग्स हटाये गए। जमीन कब्जे से मुक्त कराई गई। हाथों हाथ बीडीए ने खुद के स्वामित्व वाले बोर्ड लगाये। कार्रवाई के दौरान विभाग के तमाम जेईएन, एईएन, थानाधिकारी मौजूद थे।

टेल तक पानी नहीं पहुंचने पर किसानों ने धरना लगाया

श्रीगंगानगर, (कासं)। जिले के श्रीविजयनगर उपखंड के सूरतगढ़ ब्रांच की बिलोचिया माइनर के टेल तक सिंचाई पानी नहीं पहुंचने से नाराज किसानों ने चक 12 और 13 बीएलएम 'बी' क्षेत्र में नहर में मिट्टी डालकर धरना शुरू कर दिया।

श्रीगंगानगर जिले के श्रीविजयनगर उपखंड के सूरतगढ़ ब्रांच की बिलोचिया माइनर के टेल तक सिंचाई पानी नहीं पहुंचने से नाराज किसानों ने मंगलवार को धरना शुरू कर दिया। किसानों ने बताया कि कई बार शिकायत और चेतावनी देने के बाद भी सिंचाई विभाग ने कोई कार्रवाई नहीं की। मजबूरी में उन्हें यह कदम उठाना पड़ा। किसानों ने बताया कि 27 मई 2025 को उपखंड अधिकारी और सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता को ज्ञापन सौंपा गया था। उसमें साफ लिखा था कि यदि 10 जून तक समाधान नहीं हुआ तो नहर बंद कर धरना देंगे। इसके बावजूद विभाग ने कोई कदम नहीं उठाया।

- **श्रीविजयनगर उपखंड के सूरतगढ़ ब्रांच की बिलोचिया माइनर के टेल तक सिंचाई पानी नहीं पहुंचने से नाराज किसानों ने धरना दिया**

बिलोचिया माइनर बने 2 साल हो चुके हैं। लेकिन 12 और 13 बीएलएम टेल के मोघे अब तक सही जगह नहीं लगाए गए। इससे टेल तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है। किसानों की लगातार तीन से चार फसलें बर्बाद हो चुकी हैं। अब अगली फसल की भी कोई उम्मीद नहीं बची है।

पानी की कमी से पीने का संकट भी गहरा गया है। इंसानों के साथ मवेशियों और पक्षियों को भी पीने का पानी नहीं मिल रहा। ग्रामीण खारा और दूषित पानी पीने को मजबूर हैं। इससे बीमारियां फैल रही हैं। किसानों ने बताया कि 19 सितम्बर 2024 को जिला कलेक्टर अनूपगढ़ को ज्ञापन दिया गया था।

शिविर में बच्चों ने चित्रों से दिया योग और पर्यावरण संरक्षण का संदेश

बीकानेर, (कासं)। पतंजलि योग समिति एवं युवा भारत के तत्वावधान में एम.एम. ग्राउंड बीकानेर में चल रहे नि:शुल्क योग एवं खेलकूद संस्कार शिविर के अंतर्गत आज एक विशेष चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आयोजन का उद्देश्य बच्चों को रचनात्मकता के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण और योग के प्रति जागरूक करना रहा।

प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सैकड़ों बच्चों ने न केवल अपने हाथों से सुंदर और प्रेरणादायक चित्र बनाए बल्कि उनमें गहरे भाव और संदेश भी उकेरे। किसी ने योग को आध्यात्मिक जागृति का माध्यम बताया, तो किसी ने पृथ्वी के संरक्षण का आव्हान किया। बच्चों ने वृक्षों, योग आसनों, ध्यान मुद्रा, जल संरक्षण, स्वच्छता जैसे विषयों को अपनी कल्पना और रंगों से जीवंत रूप में प्रस्तुत किया।

एम.एम. ग्राउंड बीकानेर में चल रहे नि:शुल्क योग एवं खेलकूद संस्कार शिविर में बच्चों ने चित्र बनाकर योग और पर्यावरण के प्रति जागरूकता का संदेश दिया।

शिविर के संयोजक नंदकिशोर गहलोत ने बताया कि यह शिविर अब 25 जून तक चलेगा, जिसमें बच्चों को शिक्षा, स्वास्थ्य और संस्कारों से जोड़ने वाली विभिन्न रचनात्मक गतिविधियां प्रतिदिन करवाई जा रही हैं।

बच्चों को प्रतिदिन योगाभ्यास, प्राणायाम, खेलकूद एवं विभिन्न रचनात्मक प्रेरणादायी गतिविधियां व संवादात्मक सत्रों से लाभान्वित किया जा रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि शिविर में प्रतिदिन विशेष अतिथि और प्रेरक वक्ताओं के माध्यम से बच्चों को जीवन निर्माण के लिए आवश्यक नैतिक मूल्यों और व्यवहारिक ज्ञान की प्रेरणा दी जा रही है।आज की चित्रकला प्रतियोगिता में विकास जोशी,भवानी शंकर सांखला, कैलाश स्वामी, ऋतु जोशी, शोभा कच्छावा, गौरी जोशी, तुलसी सांखला आदि मौजूद थे।

- **सैकड़ों बच्चों ने न केवल अपने हाथों से सुंदर और प्रेरणादायक चित्र बनाए बल्कि उनमें गहरे भाव और संदेश भी उकेरे**

न्यूरो एवं स्पाइन परामर्श शिविर

बीकानेर,(कासं)। सादुल कॉलोनी एक्स-रे गली स्थित एआईबीएस क्लीनिक में डॉ. दीपक बारिया की पहल पर विशाल न्यूरो एवं स्पाइन परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लगभग 100 से अधिक रोगियों को निशुल्क चिकित्सीय परामर्श प्रदान किया गया।

विशेष रूप से 3 से 4 हजार रूपए तक की विभिन्न जांचें भी मुफ्त में करवाई गई। इससे आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को सीधा लाभ मिला। शिविर में उम्र या बीमारी की स्थिति से प्रभावित व्यक्तियों को विशेष सलाह और उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई गई। क्लीनिक का नियमित समय सुबह 9 से 11 बजे तथा शाम को 4 से 8 बजे तक रहता है। इसके अतिरिक्त भारतीय सेना के सदस्यों के लिए विशेष ऑफर की घोषणा की गई।

डॉ. दीपक बारिया ने कहा कि स्वास्थ्य ही जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है। ऐसे शिविरों के माध्यम से हम अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचने का प्रयास कर रहे हैं।

कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)

क्रमांक : नियमन/2025/4045 — **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** — दिनांक : 09-06-2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि **श्रीमती सोनिया नेहरा पुत्री श्री महावीर सिंह नेहरा निवासी 84/26 मंडोर रोड, पाहड़गंज पहला कॉलोनी, जोधपुर** के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित **आवासीय** भूखण्ड का न्यास रिकार्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में न्यास रिकार्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्नानुसार है :

न्यास रिकार्ड के अनुसार भूखण्ड का विवरण		आवेदक के द्वारा भूखण्ड के नामान्तरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण
भूमि का विवरण	मूल भूखण्डधारी	दस्तावेज का विवरण
चक 4 ए छोटी मुरब्बा नं. 51 किला नं. 20, 21 भूखण्ड संख्या एस-09 माप 13 इन्द्र 40 फीट श्रीगंगानगर	उक्त भूखण्ड का पट्टा संख्या 9610 दिनांक 10.07.2018 को श्री गगनदीप सिंह पुत्र श्री सतनाम सिंह के नाम से जारी किया हुआ है।	श्रीमती सोनिया नेहरा द्वारा उक्त भूखण्ड को पंजीकृत बैयनामा दिनांक 03.04.2025 के द्वारा प्राप्त कर उक्त भूखण्ड का ऑनलाईन नामान्तरण हेतु न्यास में आवेदन प्रस्तुत किया है।

इस प्रकार उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में उपर्युक्तानुसार दस्तावेजों की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर नामान्तरण चाहा गया है इस सम्बन्ध में **श्रीमती सोनिया नेहरा पुत्री श्री महावीर सिंह नेहरा निवासी 84/26 मंडोर रोड, पाहड़गंज पहला कॉलोनी, जोधपुर** द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज/फ्री लीज होल्ड पट्टे के संबंध में कोई आपत्ति है तो सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में पूरा दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति/उजर/दावा निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। उक्त अवधि के दौरान इस भूखण्ड से सम्बन्धित समस्त दस्तावेजों को आमक्षास/हितबद्ध व्यक्ति के देखने व पढ़ने के लिये कार्यालय समय में सूला रखा गया है। बाद मियाद प्रकरण का निस्तारण कर दिया जावेगा एवं कोई आपत्ति/उजर स्वीकार नहीं होगा। आवेदन संख्या:- SGNR/FY24-25/MUT/91 — सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर